मैं तो हूँ बेफिकर | By Hari Sharma

मैं तो हूँ बेफिकर मुझको काहे का दर
मेरा बिगड़ी बनैया मेरे साथ है
मौज ही मौज है ये तो हर रोज़ है
जब श्याम कन्हैया मेरे साथ है

ये निभाता मुझे मैं रिझाता इसे
मुझे राह दिखैया मेरे साथ है
मौज ही मौज है ये तो हर रोज़ है
जब श्याम कन्हैया मेरे साथ है

इसकी मस्ती में हर वक़्त रहता हूँ मैं
और भावो के झरनो में बेहटा हूँ मैं
गीत गाता हूँ मैं गुनगुनाता हूँ मैं
बंसी का बजैया मेरे साथ है
मौज ही मौज है ये तो हर रोज़ है
जब श्याम कन्हैया मेरे साथ है

मेरी नैया भवर में ना फस्ती कभी
देख कर के अचम्भा है करते सभी
बिन्नू कहता हूँ मैं, निर्भय रहता हूँ मैं
नैया का खिवैया मेरे साथ है
मौज ही मौज है ये तो हर रोज़ है
जब श्याम कन्हैया मेरे साथ है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ac%e0%a5%87%e0%a4%ab%e0%a4%bf%e0%a4%95%e0%a4%b0-by-hari-sharma/